प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 24.02.2025 समय : 09:00 ए.एम.

..............................

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे–राज्य में 72 लाख से अधिक किसानों के खातों में राशि हस्तान्तरित की जायेगी।
- कांग्रेस के 6 विधायकों के विधानसभा से निलंबन के विरोध में पार्टी के विधायकों का धरना जारी।
- बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत–मिस्र संयुक्त विशेष बल अभ्यास साइक्लोन सम्पन्न।
- आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के एक मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हराया।

..............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त जारी करेंगे। इस योजना के माध्यम से भूमिधारक किसानों को तीन समान किस्तों में सालाना छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। देश भर के 7 सौ 31 कृषि विज्ञान केंद्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें लगभग ढाई करोड़ किसान कार्यक्रम से जुड़ेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए इस दिन को किसान सम्मान समारोह के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि देशभर के 9 करोड़ 80 लाख से ज्यादा किसानों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए 22 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की वित्तीय सहायता मिलेगी। योजना का राज्य स्तरीय समारोह आज जयपुर में दुर्गापुरा स्थित राज्य कृषि प्रबंध संस्थान आयोजित किया जाएगा। इसमें राज्य के 72 लाख से अधिक किसानों के बैंक खातों में 14 सौ करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की जाएगी। विभिन्न जिलों में भी किसान सम्मान निधि के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि राज्य में मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू कर पीएम किसान सम्मान निधि योजना के सभी पात्र किसानों को दो हजार रुपये की अतिरिक्त राशि दी जा रही थी, जिसे हाल के राज्य बजट में बढ़ाकर तीन हजार रुपये करने की घोषणा की गई है। राज्य में अब योजना के पात्र किसानों को आठ हजार रुपये के स्थान पर नौ हजार रुपये सालाना मिलेंगे।

..............................

कांग्रेस के 6 विधायकों के विधानसभा से निलंबन के विरोध में पार्टी के विधायकों का धरना जारी है। सत्ता पक्षा की ओर से कांग्रेस के विधायकों से कई बार बातचीत की गई लेकिन गतिरोध नहीं टूटा है। आज विधानसभा कार्रवाई शुरू होने पर सदन में हंगामा बने रहने की पूरी आशंका है। इस बीच, कांग्रेस ने आज विधानसभा घेराव की चेतावनी भी दी है। कांग्रेस प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि कांग्रेस कार्यकर्ता 10 बजे विधानसभा का घेराव करेंगे। गौरतलब है कि शुक्रवार को सदन में विरोध प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस विधायक आसन के समीप चले गए थे, जिस पर सत्ता पक्ष ने गंभीरता से लेते हुए 6 सदस्यों के निलंबन का प्रस्ताव सदन से पास करवाया था। इधर आज राज्य विधानसभा में वर्ष 2025–26 के बजट पर चर्चा प्रस्तावित है।

..............................

राज्य बजट 2025–26 के प्रचार प्रसार और घोषणाओं के समय पर क्रियान्वयन के उद्देश्य से प्रभारी मंत्रियों और सचिवों ने अपने–अपने क्षेत्रों का दौरा किया। उन्होंने समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसकी रिपोर्ट वे आज सरकार को सौंपेंगे। कल दौरे के दूसरे और अंतिम

दिन उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने ब्यावर में प्रशासनिक अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर बाद में प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सरकारी योजनाओं के प्रचार–प्रसार में मीडिया कर्मियों का उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। जोधपुर में शिक्षा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने अधिकारियों को बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। अलवर में वन मंत्री संजय शर्मा ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर बजट घोषणाओं का त्वरित क्रियान्वयन करने के लिए कहा।

..............................

राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंतसिंह बिश्नोई जैसलमेर के दौरे पर रहे। इस अवसर पर उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि भरतपुर के पक्षी विहार की तर्ज पर जैसलमेर में भी पक्षी विहार बनाया जायेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए जिला कलेक्टर से बातचीत की गई है।

..............................

बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में चल रहा भारत–मिस्र संयुक्त विशेष बल अभ्यास साइक्लोन कल सम्पन्न हुआ। 14 दिनों के अभ्यास में दोनों देशों ने अपनी युद्ध शक्ति और प्रभुत्व का प्रदर्शन किया। अभ्यास ने दोनों देशों के विशेष बलों को आतंकवाद विरोधी अभियानों, युद्ध चिकित्सा कौशल, विध्वंस कौशल और विशेष हेलीबोर्न ऑपरेशन (एसएचबीओ) में संयुक्त वातावरण में प्रशिक्षण लेने का अवसर प्रदान किया। अभ्यास तीन चरणों में आयोजित किया गया था। अभ्यास की पूरी अवधि के दौरान, भारतीय विशेष बलों ने पेशेवर आचरण, सामरिक कौशल और सैन्य अनुशासन के उच्चतम मानकों को प्रदर्शित किया, जिसकी मिस्र की सेना द्वारा सराहना और प्रशंसा की गई।

..............................

रणथंभौर बाघ अभ्यारण्य की खंडार रेंज में बाघिन टी–122 कैमरा ट्रैप में चार शावकों के साथ नजर आई है। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि शावक देखे जाने के बाद पर्यटन व्यवसाईयों और वन्य जीव प्रेमियों में खुशी की लहर है।

..............................

सीकर के खाटूश्याम जी में भरने वाले फाल्गुनी लक्खी मेले की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। 28 फरवरी से शुरू होने वाले इस मेले से पहले प्रशासन श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए तमाम इंतजाम कर रहा है। अधिकारी व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे है। हमारे संवाददाता ने बताया कि खाटू दरबार को आकर्षक ढंग से सजाने के लिए कारीगर दिनरात जुटे हुए है।

..............................

दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्रुप ए के एक अहम मुकाबले में कल रात भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम 50वें ओवर में दो गेंद शेष रहते 241 रन पर सिमट गई। सऊद शकील ने सबसे ज्यादा 62 रन बनाए। भारत के लिए, कुलदीप यादव ने 3 विकेट हासिल किए, जबकि हार्दिक पंड्या ने 2 विकेट लिए। प्लेयर ऑफ द मैच विराट कोहली ने नाबाद शतक बनाया। यह विराट कोहली का 51वां वनडे शतक था। उन्होंने वनडे में सबसे तेज 14 हजार रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने के अलावा पाकिस्तान के खिलाफ सबसे अधिक प्लेयर ऑफ द मैच पुरस्कार पाने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया।

..............................

जयपुर में राजस्थान पुलिस अकादमी में आज पुलिस अलंकरण समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसमें पुलिस महानिदेशक यू आर साहू 64 पुलिसकर्मी और अधिकारियों को केन्द्रीय गृह मंत्री पदक, अति उत्कृष्ट सेवा पदक, उत्कृष्ट सेवा पदक और डीजीपी डिस्क देकर सम्मानित करेंगे। आरपीए डायरेक्टर एस सेंगेथर ने बताया कि इस मौके पर सेरेमोनियल परेड का आयोजन होगा।

..............................

झालावाड के डग क्षेत्र के पास पाडला गांव में कल शाम एक खेत मे खुले बोरवेल में गिरे पांच वर्षीय बालक को बचाया नहीं जा सका है। एनडीआरएफ और प्रशासन की टीम उसे सुरक्षित निकालने में

जुटी हुई थी। डग ब्लॉक सीएमएचओ डॉ विकास जैन ने बताया कि तडके चार बजे रेस्क्यू टीम ने बालक को बोरवेल से निकाल तो लिया लेकिन उसकी मृत्यु हो चुकी थी।

..............................